# मंडल में ₹20,927 करोड़ से लगेंगे उद्योग, मिलेगा रोजगार

## मंडलायुक्त ने इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा की

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (21 Jan):** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत मंडल में 20,927 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा. इसमें बरेली जिले के उद्यमी 11,152 करोड़ का निवेश करेंगे. इसको लेकर उद्यमियों ने अपनी सहमति दे दी है. जिले में 24 जनवरी को होने वाले इन्वेस्टर्स एवं निर्यातक शिखर सम्मेलन की शनिवार को कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने समीक्षा की. उन्होंने सभी उद्यमियों से निवेश करने को लेकर सुरक्षित निवेश के प्रति आश्वस्त किया. उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा. उद्यमियों को शासन से मिलने वाली सभी तरीके की सब्सिडी का लाभ मिलेगा और उद्योग लगाने में एनओसी और अन्य सहूलियत तत्काल मुहैया कराई जाएगी. उद्यमियों को किसी तरह की परेशनी नही हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे.

### तैयारियों का लिया जायजा

आईएमए हॉल में होने वाले इन्वेस्टर्स निर्यातक शिखर सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. कमिश्नर ने कार्यक्रम को लेकर आईएमए में सभागार पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने कार्यक्रम को भव्य तरीके से कराने के निर्देश संयुक्त आयुक्त उद्योग ऋषि रंजन गोयल और डीएम शिवाकांत द्विवेदी को दिए. मंडल आयुक्त ने संयुक्त आयुक्त को निर्देश दिए कि वह उद्यमी अभिनव अग्रवाल अध्यक्ष सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स, अर्पित अग्रवाल सचिव, तनुज भसीन चेयरमैन आईआईए बरेली, मयूर धीरवानी सचिव, राजेश गुप्ता, आयुष अग्रवाल, एसके सिंह, उन्मुक्त संभव शील, अभिनव कटरू के साथ समन्वय स्थापित करें.



आईएमए हॉल में कमिश्नर ने परखी तैयारी.

### दस निवेशकों ने दिए 4241.96 करोड़ के प्रस्ताव

मंडल में केवल दस निर्यातकों ने 4241.96 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए हैं. इसके अलावा बायोफ्यूल्स इंडस्ट्री मे 242.7 करोड़, फूड प्रोसेसिंग में 666.57 करोड़, एसएसएमई मे 661.76 करोड़, सर्विस में 662.09 करोड़, टेक्सटाइल में 106.195 करोड़, पर्यटन में 296.62 और बड़े एमएसएमई सेक्टर में 8 516.7 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव दिए गए.

**11152** करोड़ का निवेश बरेली जिले में करेंगे उद्यमी

**51851** युवाओं को बरेली मंडल में उद्योगों से मिलेगा रोजगार

**24** जनवरी को होगा इन्वेस्टर्स एवं निर्यातक शिखर सम्मेलन

**10** निर्यातकों ने 4241.96 करोड़ के दिए प्रस्ताव

**i CONNECT**

Bareilly city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.